**(GCF–11, 12 & 13, CA FOUNDATION GD & PD)**

**DATE: 20.04.2021 MAXIMUM MARKS: 100 TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) अर्थशास्त्र में सीमितता है :–
- (a) निरपेक्ष अवधारणा
- (b) सापेक्ष अवधारणा
- (c) अनुपयोगी अवधारणा
- (d) अवधारणा ही नहीं है

(2) जब किसी समस्या के समाधान के लिए दो या दो से अधिक समाधान के तरीके उपलब्ध हो, तब उनमें से किसी एक सही समाधान को चुनने की प्रक्रिया है :–
- (a) समस्या का समाधान
- (b) निर्णय प्रक्रिया
- (c) आर्थिक विश्लेषण
- (d) प्रबन्धकीय योग्यता

(3) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अपनी पहुँच में प्रगतिशील होता है जिसका अर्थ है यह नहीं होता है :–
- (a) व्यवहारिक (Practical)
- (b) वास्तविक (Realistic)
- (c) भावात्मक (Abstract)
- (d) उपरोक्त सभी

(4) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अधिक केन्द्रीकृत होता है :–
- (a) आदर्शमूलक ज्ञान पर
- (b) वास्तविक ज्ञान पर
- (c) अधिक आदर्शमूलक परन्तु कम वास्तविक
- (d) अधिक वास्तविक परन्तु कम आदर्शमूलक

(5) सूक्ष्म अर्थशास्त्र अध्ययन करता है :–
- (a) मुद्रा का बाहरी मूल्य
- (b) रोजगार
- (c) बचत और विनियोग
- (d) उपभोक्ता का व्यवहार

(6) निम्न में से कौनसा सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम की मान्यता है :–
- (a) पूर्ण प्रतियोगिता
- (b) लगातार उपभोग
- (c) मांग की स्थिरता
- (d) उपयोगिता की क्रमवाचक विचारधारा

(7) उपभोक्ता साम्य की अवस्था में होता है, जब –
- (a) सीमान्त उपयोगिता = मूल्य
- (b) सीमान्त उपयोगिता = शून्य
- (c) सीमान्त उपयोगिता = ऋणात्मक
- (d) सीमान्त उपयोगिता = मात्रा

Mittal Commerce Classes

(8) उपभोक्ता की बचत का क्षेत्र होता है :–
- (a) मांग वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर
- (b) पूर्ति वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (c) मांग वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (d) पूर्ति वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर

(9) कीमत रेखा के अन्दर स्थित बिन्दू दर्शाता है :–
- (a) उपभोक्ता द्वारा अधिक खर्च
- (b) उपभोक्ता द्वारा क्षमता से कम खर्च
- (c) उपभोक्ता द्वारा सम्पूर्ण आय को खर्च करना
- (d) उपरोक्त सभी।

(10) निम्न में से कौनसा उदासीनता वक्र पर आधारित उपभोक्ता के सन्तुलन की मान्यता नहीं है :–
- (a) यहां पर एक उदासीनता मानचित्र है, जो कि उपयोगिता के विभिन्न स्तरों को दर्शाता है।
- (b) उपभोक्ता की आय स्थिर है।
- (c) वस्तु की कीमत स्थिर है।
- (d) इस विश्लेषण में केवल एक ही वस्तु की अवधारणा पर विचार किया जाता है।

(11) निम्न में से कौन से कथन असत्य हैं?
- (a) आर्थिक लागतों में फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन की अवसर लागत शामिल है
- (b) लेखांकन लागतों में शामिल है, केवल स्पष्ट लागतें
- (c) आर्थिक लाभ सदैव ही लेखांकन लाभ से कम होगा यदि फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन तथा प्रयुक्त संसाधनों की कोई अवसर लागत हो।
- (d) लेखांकन लाभ कुल आगम घटायें अस्पष्ट लागतों के बराबर होता है।

(12) आर्थिक सिद्धान्त में यह माना जाता है कि ............... :
- (a) फर्म के भीतर निर्णयन सामान्यतः प्रबन्धकों द्वारा किया जाता है लेकिन मालिकों द्वारा कभी नहीं
- (b) फर्म का अन्तिम उद्देश्य होता है लाभों को अधिकतम करना, फर्म के आकार या व्यावसायिक संगठन के प्रारूप की अनदेखी करके
- (c) जैसे–जैसे फर्म का आकार बढ़ता है वैसे–वैसे उसके उद्देश्य बढ़ते जाते हैं
- (d) किसी फर्म की मौलिक निर्णय उसके मालिक लेते हैं।

(13) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है।
- (a) यदि सीमान्त आगम सीमांत लागत से अधिक हो तो फर्म को उत्पादन बढाना चाहिए।
- (b) यदि सीमान्त आगम सीमान्त लागत से कम हो तो फर्म को उत्पादन घटाना चाहिए।
- (c) आर्थिक लाभ तब अधिकतम होता है जब कुल लागत, कुल आगम के बराबर होता है।
- (d) लाभ अधिकतम करण की शर्त है सीमान्त आगम बराबर सीमान्त लागत

(14) इनमें से कौन – सा वाक्य गलत है?
- (a) प्रतिस्पर्धी फर्मे मूल्य लेने वाली होती है न कि मूल्य बनाने वाली
- (b) मूल्य विभेदीकरण केवल एकाधिकार बाजार में ही सम्भव है
- (c) द्वैयाधिकार बाजार एकाधिकार बाजार में परिवर्तित हो सकती है।
- (d) प्रतिस्पर्धी फर्में सदैव मूल्य विभेदीकरण करती है।

Mittal Commerce Classes

(15) निम्न में से कौन शुद्ध प्रतियोगिता की एक अनिवार्य शर्त नहीं है।
(a) बड़ी मात्रा में क्रेता या विक्रेता।
(b) समान उत्पादन।
(c) प्रवेश की स्वतंत्रता।
(d) परिवहन लागतों की अनुपस्थिति।

(16) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार पूर्ण प्रतियोगिता से भिन्न है क्योंकि
(a) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में फर्म उत्पादन विभेदीकरण करती है।
(b) पूर्ण प्रतियोगिता में फर्मे उत्पादन विभेदीकरण करती है।
(c) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार में नई फर्मो का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित होता है।
(d) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार में नई फर्मो के प्रवेश पर सारवान बाधाऐ पाई जाती है।

(17) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है
(a) एकाधिकारी को भी हानि हो सकती है।
(b) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में फर्मे मूल्य स्वीकारक होती है।
(c) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में मूल्य विभेदीकरण करना एक फर्म के लिए लाभदायी होता है
(d) मोडदार मॉग वक्र अल्पाधिकार में पाया जाता है।

सारणी की सहायता से (प्रश्न 18 से 21) के उत्तर दीजिये।

| Quantity | AVC | TVC | TC | MC | AFC |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | | | | |
| 2 | 18 | | | | |
| 3 | | | | 18 | |
| 4 | 20 | | | | |
| 5 | | | 150 | | 8 |

(18) पांचवीं इकाई की कुल परिवर्तनशील लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 110
(b) 150
(c) 120
(d) 80

(19) पांचवी इकाई की सीमान्त लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 10
(b) 20
(c) 30
(d) 40

(20) तीसरी इकाई की औसत परिवर्तनशील लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 18
(b) 20
(c) 54
(d) 36

(21) दूसरी इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 60
(b) 76
(c) 36
(d) 18

Mittal Commerce Classes

(22) निम्न में से कौनसा एक आदर्शमूलक कथन है–
(a) ऊँची कीमत पर लोग कम वस्तुऐं खरीदते हैं
(b) नीची कीमत पर लोग अधिक वस्तुऐं खरीदते हैं
(c) वस्तुओं को लोगों के लिए खरीदने योग्य बनाने के लिए वस्तु की कीमत को कम करना चाहिए
(d) यदि तुम इस वस्तु का उपभोग करोगे तो अच्छा महसूस करोगे

(23) निम्न में से कौनसा कथन मूल्य र्निणयन से गुजरता है –
(a) कॉफी की पूर्ति अल्काल में बेलेचदार होती है
(b) नीची कीमतों से पैमाने की बचतें प्राप्त होती है
(c) घटिया वस्तुओं की आय लोच ऋणात्मक होती है
(d) सरकार द्वारा कॉलेज की फीस बढ़ाने का निर्णय सही नही है

(24) ––––––––––और––––––––माँग को प्रत्यक्षत प्रभावित नहीं करते हैं –
(a) संबंधित वस्तुओं का मूल्य, उपभोक्ता की आय
(b) उपभोक्ता की आय, पंसद
(c) उत्पादन की लागत, बैंक की कार्य अवधि
(d) संबंधित वस्तुओं का मूल्य, आदतें

(25) आय और आराम के मध्य का उदासीनता वक्र होगा –
(a) मूल बिन्दु की ओर उन्तोदर
(b) मूल बिन्दु की ओर नतोदर
(c) ऋणात्मक ढ़ाल वाली सीधी रेखा
(d) धनात्मक ढ़ाल वाली सीधी रेखा

(26) पूर्ति में विस्तार वह स्थिती होती है जब विक्रेता पूर्ति करना चाहते हैं –
(a) बढ़ी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा
(b) कराधान में वृद्धि के कारण ज्यादा मात्रा
(c) समान कीमत पर ज्यादा मात्रा
(d) घटी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा

(27) निम्न में से कौनसा पैमाने की बचतों का उदाहरण है :–
(a) जैसे ही कम्प्यूटर उद्योग का विस्तार होता है, तो कम्प्यूटर संचालकों की मांग बढ़ती है, जिससे उनका वेतन भी बढ़ जाता है।
(b) फर्मो को अपने राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा करों में कमी कर देना ताकि फर्मो की लाभदायकता बढ़ सकें।
(c) कम्प्यूटर की मांग बढ़ जाने से उसकी कीमत का घट जाना।
(d) इनमें से कोई नहीं।

(28) निम्न में से कौनसा कथन सत्य है ?
(a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल तथा उत्पत्ति ह्रास नियम एक ही नियम को समझाने के दो तरीके है।
(b) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि उत्पत्ति ह्रास नियम दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
(c) पैमाने के समान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि पैमाने के वर्द्धमान दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

Mittal Commerce Classes

(29) अवसर लागत है :–
- (a) किसी वस्तु को खरीदने का अतिरिक्त लाभ।
- (b) निर्णय प्रक्रिया में हम जिनका त्याग करते है।
- (c) उद्यमी द्वारा साधनों को किया गया भुगतान।
- (d) भविष्य में उत्पादन करने के लिए भूतकाल में किया गया भुगतान।

(30) एक विद्यार्थी के लिए अवसर लागत है :–
- (a) कोर्स की फीस तथा किराया
- (b) बैंक से लिया गया लोन
- (c) एक विद्यार्थी पढ़ने के स्थान पर नौकरी करके जो धन कमा सकता था।
- (d) विद्यार्थी जो स्नातक के बाद कमा सकता है।

(31) लेखांकन लागत आर्थिक लागत से–––––––––––होती है।
- (a) अधिक
- (b) कम
- (c) बराबर
- (d) इनमें से कोई नहीं

(32) यदि फर्म की औसत लागत न्यूनतम है, तो सीमांत लागत होगी।
- (a) औसत लागत से अधिक
- (b) औसत लागत के बराबर
- (c) औसत लागत से कम
- (d) इनमें से कोई नहीं

(33) परिवर्तनशील अनुपातों के नियम के पहले चरण में कुल उत्पाद बढ़ता है–
- (a) घटती दर से
- (b) बढ़ती दर से
- (c) सामान्य दर से
- (d) (a) तथा (b) दोनों

(34) दीर्घकाल में कोई फर्म उधोग को सम्भवतः छोड़ देगी यदि–
- (a) कीमत न्यूनतक औसत कुल लागत पूरा नहीं करती है।
- (b) कीमत सीमान्त लागत के बराबर नहीं होती है।
- (c) पैमाने की बचतें समाप्त की जा रही हों।
- (d) कीमत दीर्घकालींन औसत लागत से उच्चतम है।

(35) यदि मूल्य को सन्तुलन मूल्य से नीचे रखने के लिए दबाब बनाया जाता है।
- (a) पूर्ति का आधिक्य होगा
- (b) माँग का अधिक्य होगा।
- (c) (a) या (b) कोई भी
- (d) न तो (a) न (b)

(36) पूर्ण प्रतियोगिता मे एक फर्म को कीमत स्वीकारक कहा जाता है क्योंकिः–
- (a) फर्म का वस्तु के मूल्य पर थोडा बहुत नियंत्रण होता है
- (b) फर्मो की संख्या बहुत अधिक होने के कारण एक फर्म बाजार को प्रभावित करने में समर्थ नही होती है।
- (c) सभी फर्मे समरूप वस्तुऐ उत्पादित करती है।
- (d) नई फर्मो का स्वतंत्र प्रवेश व बर्हिगमन होता हे।

Mittal Commerce Classes

(37) शुद्ध प्रतियोगिता की शर्त है।
- (a) बहुत अधिक विक्रेता तथा समरूप वस्तुऐ
- (b) नई फर्मो का स्वतंत्र प्रवेश व बर्हिगमन
- (c) a व b दोनों
- (d) बाजार की दशाओं का पूर्णज्ञान

(38) जब उत्पाद को एक केन्द्रीयकृत संस्था के माध्यम से बेचा जाता है जो अल्पाधिकार को जाना जाता है :–
- (a) संगठित अल्पाधिकार
- (b) आंशिक अल्पाधिकार
- (c) प्रतिस्पर्द्धा अल्पाधिकार
- (d) सिंडीकेटिड अल्पाधिकार

(39) अतिरेक क्षमता किस बाजार में नही पाई जाती है
- (a) एकाधिकार
- (b) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार
- (c) पूर्ण प्रतियोगिता
- (d) अल्पाधिकार

(40) निम्न में से क्या सत्य है ?
- (a) यदि सीमान्त आगम घट रहीं है, तो कुल आगम घटती दर से बढ़ेगी।
- (b) कुल आगम = P × Q
- (c) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में सीमान्त आगम और औसत आगम बराबर होते है।
- (d) उपरोक्त सभी।

(41) मोड़दार मांग वक्र के उपरी हिस्से पर लोच होती है :–
- (a) बैलोचदार
- (b) लोचदार
- (c) इकाई के बराबर लोचदार
- (d) पूर्णतया बैलोचदार

(42) व्यापार चक्र में मंदी तब उत्पन्न होती है जब ––––––– अपने निम्नतम स्तर पर पहुॅच जाता है।
- (a) अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति
- (b) मुद्रा की पूर्ति
- (c) समग्र आर्थिक गतिविधियों
- (d) बेरोजगारी की दर

(43) एक Leading indicator (सूचक) होता है
- (a) वह चर जो कि आर्थिक गतिविधियों के साथ–साथ गतिशील होता है
- (b) वह चर जो कि आर्थिक गतिविधियों से पहले गतिशील होता है।
- (c) वह चर जो कि आर्थिक गतिविधियों के साथ निरतंर गतिशील होता हे।
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(44) सरकारी व्यय में कमी का परिणाम हो सकता है।
- (a) समग्र मॉग वक्र का दांयी ओर मुडना
- (b) सम्पूर्ण मांग वक्र का बायीं ओर खिसकना।
- (c) सम्पूर्ण मांग वक्र के साथ–साथ बायीं ओर तथा उर्ध्वगामी गतिशीलन।
- (d) सम्पूर्ण मांग वक्र के साथ–साथ बायीं ओर तथा उर्ध्वगामी गतिशीलन।

Mittal Commerce Classes

(45) व्यापार चक्र में तेजी व मंदी कहलाते है।
- (a) जीवटता
- (b) मुडाव बिन्दु
- (c) सन्तुलन बिन्दु
- (d) वास्तविक व्यापार चक्र गतिविधिया

(46) मुद्रा पूर्ति में वृद्धि का प्रभाव हैः–
- (a) ब्याज दर में वृद्धि, विनियोग में वृद्धि तथा समग्र मॉग में वृद्धि
- (b) ब्याज दर में वृद्धि, विनियोग व्यय में कमी तथा समग्र मॉग में कमी
- (c) ब्याज दर में कमी, विनियोग व्यय में वृद्धि, तथा समग्र मॉग में वृद्धि
- (d) ब्याज दर में कमी, विनियोग व्यय में कमी तथा समग्र मॉग में कमी।

(47) निम्न में से कौन व्यापार चक्र की विशेषता नही है।
- (a) व्यापार चक्र समाज के कल्याण पर बहुत अधिक प्रभाव डालता है।
- (b) व्यापार चक्र समान समय अवधि में घटित नही होते है।
- (c) व्यापार चक्रो के समान कारण व समान विशेषताऐ होती है।
- (d) व्यापार चक्रों का अनुमान लगाना संभव नही है।

(48) निम्न सभी आर्थिक मंदी के लक्षण है सिवाय
- (a) विनियोग व रोजगार में कमी
- (b) मजदूरी व ब्याज प्राप्त करने वालो की आय में कमी उत्पन्न होना जिससे वस्तुओं व सेवाओं की मॉग में कमी आना
- (c) निवेशकर्ताओं के विश्वास में कमी आना तथा नये विनियोग में कमी आना
- (d) आगतों की मॉग में वृद्धि से आगतो की कीमतों में वृद्धि

(49) व्यापार चक्रो के विभिन्न चरणः–
- (a) समान समय अन्तराल पर उत्पन्न नही होते और ना ही निश्चित समय के लिए होते है।
- (b) तेजी का चरण कम से कम 10 वर्षो का होता है।
- (c) अल्पकाल में इनका समाप्त होना संम्भव नही है।
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(50) यदि एक वस्तु की मांग की लोच पूर्णतः बेलोचदार हो तो निम्न में से कौन सा कथन असत्य है–
- (a) वह वस्तु अत्यंत आवश्यक होनी चाहिए जिसे खरीदा गया है
- (b) उस वस्तु के कई स्थानापन्न होने चाहिए
- (c) उस वस्तु को उसकी कीमत में वृद्धि के कारण न खरीदा गया हो।
- (d) उस वस्तु की मांग की लोच 0 के बराबर होनी चाहिए।

(51) वह अर्थशास्त्री जिसने कॉब–डगलस उत्पादन फलन दिया था, वो_________था।
- (a) जापानी
- (b) जर्मन
- (c) ब्रिटिश
- (d) अमेरिकन

(52) मूल्य नेतृत्व अल्पाधिकार के किस प्रकार में पाया जाता है?
- (a) पूर्ण अल्पाधिकार
- (b) आंशिक अल्पाधिकार
- (c) सिंडीकेट अल्पाधिकार
- (d) संगठित अल्पाधिकार

Mittal commerce Classes

(53) जब माँग और पूर्ति दोनों में समान अनुपातिक कमी हो, तब साम्य मूल्य_________होगा।
(a) स्थिर
(b) बढ़ेगा
(c) गिरेगा
(d) इनमें से कोई नहीं।

(54) पूर्ण प्रतियोगिता में दीर्घकाल में एक फर्म –
(a) सामान्य लाभ कमाती है
(b) असामान्य लाभ कमाती है
(c) हानि होती है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(55) अल्पाधिकार के मोड़दार मांगवक्र विचारधारा में मोड़......................के कारण बनता है
(a) वर्तमान मूल्य
(b) भूतकालीन मूल्य
(c) वर्तमान मूल्य से कम
(d) उद्गम

(56) जब TR अधिकतम होता है–
(a) तब AR शून्य होता है
(b) तब MR शून्य होता है
(c) MR और AR दोनों शून्य होते हैं
(d) MR = AR होता है

(57) यदि पूर्ति में वृद्धि मांग में वृद्धि से अधिक हो, तो साम्य मूल्य–
(a) घटेगा
(b) बढ़ेगा
(c) कोई परिवर्तन नहीं
(d) निर्धारित नहीं कर सकते

(58) 19वीं शताब्दि तक अर्थशास्त्र को कहा जाता था–
(a) सूक्ष्म अर्थव्यवस्था
(b) विश्व अर्थव्यवस्था
(c) संकीर्ण अर्थव्यवस्था
(d) राजनैतिक अर्थव्यवस्था

(59) सर राबर्ट गिफिन––––––––––अर्थशास्त्री थे–
(a) स्कॉटिश
(b) चाइनीज
(c) जापानीज
(d) अमेरिकी

(60) बढ़ती प्रत्यायों से बोध होता है।
(a) सतत औसत लागत
(b) उत्पादन की प्रति इकाई घटती लागत
(c) पूँजी तथा श्रम
(d) उपरोक्त सभी

Mittal Commerce Classes

(61) हितों का बदलाव सम्भव है :–
- (a) व्यवसाय
- (b) पेशा
- (c) रोजगार
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(62) रोजगार का मनोवैज्ञानिक उद्देश्य क्या है ?
- (a) समाज की सेवा
- (b) आजीविका कमाना
- (c) लाभ कमाना
- (d) अपनी क्षमता को दर्शाना

(63) एक कारोबारी माहौल में बाहरी कारक, शामिल हैं–
- (a) अवसर
- (b) खतरा
- (c) दोनों (ए) और (बी)
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(64) किस व्यवसाय में सर्वाधिक निजी हित होता है ?
- (a) हिन्दू अविभाजित परिवार (HUF)
- (b) साझेदारी
- (c) एकल स्वामित्व
- (d) सीमित दायित्व साझेदारी (LLP)

(65) गैर–कॉर्पोरेट व्यवसाय में शामिल है :–
- (a) एकल स्वामित्व, हिन्दू अविभाजित परिवार तथा साझेदारी
- (b) हिन्दू अविभाजित परिवार, ट्रस्ट तथा सीमित दायित्व साझेदारी LLP
- (c) साझेदारी सीमित दायित्व साझेदारी तथा निजी कम्पनी
- (d) एकल स्वामित्व, सीमित दायित्व साझेदारी तथा साझेदारी

(66) अविभाजित परिवार की लगातार________पीढ़ियां एक व्यवसाय में होने पर, वह हिन्दू अविभाजित परिवार व्यवसाय कहलाता है।
- (a) 2
- (b) 3
- (c) 4
- (d) 5

(67) भुगतान को बिना अंजाम दिये किसी लेन–देन को एक निपटान अवधि से अगली अवधि तक ले जाना कहलाता है :–
- (a) मन्देड़िये बाजार
- (b) आधार मूल्य
- (c) बदला
- (d) बजट

(68) कौनसा Environment व्यवसाय के नियंत्रण से परे है।
- (a) आंतरिक
- (b) बाहरी
- (c) माइक्रो
- (d) मैक्रो

Mittal Commerce Classes

(69) संचित संचयों से विद्यमान अंशों के अनुपात में किया गया अंशों का मुफ्त आवंटन कहलाता है :–
(a) बोण्ड
(b) बोनस
(c) बिड
(d) ऑफर

(70) आपूर्तिकर्ता पर्यावरण का .................. पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है–
(a) सामग्री की गुणवत्ता
(b) सामग्री और सेवा की लागत
(c) उपभोक्ता के स्वाद, पसंद और अपेक्षाओं में परिवर्तन
(d) सामग्री और सेवाओं की उपलब्धता

(71) किसी उत्पाद की वित्तीय अभिव्यक्ति कहलाती है –
(a) मूल्य
(b) लागत
(c) व्यय
(d) इनमें से कोई नहीं।

(72) एक हस्ताक्षर किया हुआ दस्तावेज जो किसी अनुमोदन को दर्शाता है, कहलाता है :–
(a) स्वीकार (Acceptance)
(b) नियम (Terms)
(c) शर्ते (Condition)
(d) इनमें से कोई नहीं।

(73) Price Sensitivity of the market (व्यापार की कीमत संवेदनशीलता) व्यष्टि पर्यावरण के कौनसे भाग का प्रमुख साधन है।
(a) पूर्तिकर्ता
(b) बाजार
(c) मध्यस्थ
(d) उपभोक्ता

(74) व्यवसाय व तकनीकी है
(a) अर्न्तसम्बन्धित
(b) अर्न्तर्निभर
(c) (a) व (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नही

(75) विप्रो लिमिटेड किस उद्योग श्रेणी के अर्न्तगत आती है
(a) दवाई व औषधिया
(b) अनेक क्षेत्रों में कार्यरत
(c) मिडिया
(d) सूचना व प्रौद्योगिकी

(76) मेरा ग्राहक सर्वप्रथम यह किस बैंक का दृष्टिकोण है
(a) SBI
(b) Axis
(c) HDFC
(d) BOB

Mittal Commerce Classes

(77) निम्न मे से कौनसा कथन एक सार्वजनिक नीति को इगिंत करता है:
(a) केन्द्रीय सरकार द्वारा कारो का बेडा खरीदने का निर्णय
(b) नगर निगम द्वारा एक पुरानी बिल्डिंग को गिराना
(c) सभी नागरिकों को आधार कार्ड उपलब्ध करवाना
(d) सरकार द्वारा किसी पार्क का नाम बदलना

(78) वार्षिक वित्तीय व्यय, कर, प्रशुल्क तथा सेना पर खर्च का निर्णय किसके अर्न्तगत आता है।
(a) नीतियां
(b) बजट
(c) लक्ष्य निर्धारण
(d) दीर्घकालिन नियोजन प्रक्रिया

(79) सेबी के खिलाफ प्रथम अपील कहॉ की जा सकती है
(a) उच्च न्यायालय
(b) सर्वोच्च न्यायालय
(c) सिक्योरिटी–अपील ट्रिब्यूनल
(d) भारतीय रिजर्व बैंक

(80) बोली किसका विलोम शब्द है।
(a) Ask/offer
(b) Call
(c) Equity
(d) उपरोक्त में से कोई नही

(81) वह शेयर जो आर्थिक गिरावट के समय पर भी एक स्थिर लाभांश व स्थिर आय प्रदान करता है वह कहलाता है।
(a) सुरक्षात्मक स्कंध
(b) नगद बजट
(c) आय स्कंध
(d) सूचीबद्ध स्कंध

(82) ब्याज, शेयर सूचकांक और बाजार दरों जैसे वित्तीय मापदंडों में बदलाव को कहा जाता है
(a) जनगणना
(b) सूचकांक
(c) बेसिस पॉइंट
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(83) एक बैंक द्वारा जारी किया गया एक दस्तावेज (खरीदार या आयातक की ओर से), अपने ग्राहक द्वारा माल की खरीद के लिए एक तृतीय पक्ष (विक्रेता या निर्यातक), एक विशिष्ट राशि का भुगतान करने की अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए, जो खरीदार कहा जाता है
(a) प्रॉमिसरी नोट
(b) लेटर ऑफ क्रेडिट
(c) चेक
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Mittal Commerce Classes

(84) समेकन का क्या अर्थ है।
(a) यह अचल सम्पत्ति में होने वाले नुकसान पर किया गया खर्च है
(b) यह दो संस्थाओं का संयोग है जो की तब उत्पन्न होता है जब एक संस्थान अपनी सारी सम्पत्तियों को नई संस्था को सौप देता है
(c) सम्भावित उत्तरदायित्व जो किसी पूर्व लेन–देन या भावी कार्य द्वारा उत्पन्न होती है
(d) किसी कार्य को करने पर होने वाला खर्च

(85) __________एक तरीका है जिसे बाजार में भावी मॉग का अनुमान लगाया जा सकता है।
(a) Cross Marketing
(b) पूर्वानुमान
(c) बाजार का विकास
(d) Internate Marketing

(86) प्रवृत्तियों का अर्थ है
(a) बाह्य पर्यावरण में होने वाली घटनाऐ
(b) समान या सम्बन्धित घटनाऐ
(c) रूचि समूह द्वारा मॉग उत्पन्न करना
(d) उपरोक्त सभी।

(87) _______ की दर जिस पर बैंक सरकारी प्रतिभूतियों को भारतीय रिजर्व बैंक को बेचने या बेचने के लिए RBI से धन लेते हैं।
(a) मांग दर
(b) ब्याज दर
(c) रेपो रेट
(d) रिवर्स रेपो रेट

(88) FMCG में "C" से आशय होता है–
(a) Capital
(b) Cheap
(c) Consumer
(d) Company

(89) PESTLE__________वातावरण की व्याख्या करता है–
(a) सूक्ष्म
(b) सम्रग
(c) वास्तविक
(d) भौतिक

(90) निम्न में से कौनसा उदारीकरण का एक प्रभाव है?
(a) विनिवेश
(b) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
(c) सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों का तीव्र विकास
(d) उपरोक्त सभी

(91) पर्यावरण उत्पन्न करता है :–
(a) अवसर प्रोत्साहन और पुरस्कार
(b) बाधाऐं, खतरे और प्रतिबन्ध
(c) (a) तथा (b) दोनों
(d) या तो (a) या (b)

Mittal Commerce Classes

(92) बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा है –
(a) 39%
(b) 49%
(c) 29%
(d) 59%

(93) OCBs का अर्थ है :–
(a) Overseas Corporate Bodies
(b) Ordnance Commission Bilateral secretariat
(c) Oversees Civic Boards
(d) Oversees Commercial Bilateral Treaties

(94) FERA ने FEMA को कब प्रतिस्थापित किया था :–
(a) 1991
(b) 1992
(c) 1999
(d) 2006

(95) SEBI की स्थापना कब हुई थी ?
(a) 1988
(b) 1990
(c) 1986
(d) 1989

(96) केन्द्रीय स्तर पर कानून बनाने वाली संस्था है :–
(a) विधानसभा
(b) लोकसभा
(c) विधान परिषद
(d) उपरोक्त सभी

(97) राज्य स्तरीय संवैधानिक व्यवस्था में निम्न सदन कहलाता है :–
(a) राज्य सभा
(b) विधानसभा
(c) लोक सभा
(d) विधान परिषद

(98) एक निश्चित अवधि के दौरान व्यय का एक नियमित हिस्सा चार्ज करना कहलाता है :–
(a) अपलेखन (Amortize)
(b) वृद्धि (Appreciation)
(c) Arbitrage
(d) Offer

(99) दो समान वस्तुओं या उपकरणों की एक साथ खरीद और बिक्री को कहा जाता है :–
(a) अपलेखन
(b) वृद्धि
(c) Arbitrage
(d) Offer

Mittal Commerce Classes

(100) Bear एक ऐसी स्थिति है जिसमें :–

(a) शेयर बाजार के खिलाड़ी निराशावादी है

(b) शेयर बाजार में शेयर की कीमतें या निवेश पर प्रत्यायें घटने वाली हैं

(c) कीमतें घटने वाली हैं तथा अधिकतर व्यक्ति अपने पास रखे हुए शेयर्स को मूल्य घटने से पहले बेचने वाले हैं

(d) उपरोक्त सभी

—**—

Mittal Commerce Classes